# तोक्यो ओलिंपिक ओपनिंग सेरेमनी में शामिल होगा 28 सदस्यीय भारतीय दल



भारतीय ध्वजवाहक होंगे शामिल

महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम भी ध्वजवाहक हैं और वह भी इस समारोह में हिस्सा लेंगी। उद्घाटन समारोह में तीरंदाजी, जूडो, बैडमिंटन, भारोत्तोलन, टेनिस, हाकी (महिला एवं पुरुष) तथा शूटिंग से जुड़े खिलाड़ी शामिल नहीं होंगे। आईओए के मुताबिक चूंकि इन खेलों से जुड़े खिलाड़ियों के मैच 23 को या 24 को हैं और इसके लिए उन्हें तैयारी करनी होगी, लिहाजा इन्हें उद्घाटन समारोह से अलग रखा गया।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। तोक्यो ओलिंपिक उद्घाटन समारोह में अधिक से अधिक 22 खिलाड़ी और 6 अधिकारी हिस्सा लेंगे। भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र ध्रुव बत्रा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आयोजकों ने कोविड–19 महामारी को देखते हुए सभी देशों से उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या में कमी के लिए कहा गया है।

**22 खिलाड़ी और 6 अधिकारीः** इसी के बाद भारतीय दल ने अपनी संख्या का खुलासा किया। बत्रा के मुताबिक 23 जुलाई को होने वाले उद्घाटन समारोह में हॉकी से 1, मुक्केबाजी से 8, टेबल टेनिस से 4, रोविंग से 2, जिमनास्टिक से 1, तैराकी से 1, नौकायन से 4, तलवारबाजी से 1 खिलाड़ी होगा जबकि 6 अधिकारियों को भी इस सूची में शामिल किया गया है। वैसे तो हॉकी खिलाड़ी उद्घाटन समारोह में हिस्सा नहीं लेंगे लेकिन चूंकी पुरुष टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ध्वजवाहक हैं, लिहाजा वह इसमें हिस्सा लेंगे।

# द्रविड़ के सामने प्लेइंग इलेवन चुनने की चुनौती

क्रिकेट

## क्लीन स्वीप पर होगी टीम इंडिया की नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे से पहले भारतीय कोच राहुल द्रविड़ के सामने दुविधा होगी कि वह आखिरी मैच में प्रयोग करें या क्लीन स्वीप के लिए विजयी संयोजन को बरकरार रखें। शिखर धवन की कप्तानी में भारत ने पहला मैच 7 विकेट से जीता जबकि दूसरे मैच में मिली तीन विकेट से जीत में दीपक चाहर ने 69 रन की नाबाद पारी खेली। अब देखना यह है कि भारत पारी की शुरुआत के लिए शिखर धवन के साथ पृथ्वी साव को ही उतारता है या देवदत्त पडिक्कल या रुतुराज गायकवाड़ को मौका देता है। साव ने पहले दो मैच में 43 और 13 रन बनाए।

ईशान किशन बनाम संजू सैमसन साव को फिर मौका मिलता है तो उनकी कोशिश अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने की होगी। टीम प्रबंधन के सामने एक और



दुविधा यह होगी कि आक्रामक ईशान किशन को ही उतारा जाए या संजू सैमसन को वनडे क्रिकेट में पदार्पण का मौका दिया जाए। मनीष पांडे और सूर्यकुमार यादव मध्यक्रम में अपनी जगह बरकरार रखेंगे। उपकप्तान भुवनेश्वर कुमार कह चुके हैं कि हार्दिक पंड्या की फिटनेस को लेकर कोई मसला नहीं है लिहाजा बड़ौदा के इस खिलाड़ी और उनके भाई क्रुणाल पंड्या के खेलने की उम्मीद है।

वर्कलोड का भी ध्यान रखना जरूरी टीम प्रबंधन को खिलाड़ियों के कार्यभार का भी ध्यान रखना है क्योंकि श्रीलंका के उमस भरे मौसम में 12 दिन में छह मैच खेलने हैं। पिछले दो मैचों में भारतीय गेंदबाज श्रीलंका के अनुभवहीन बल्लेबाजी क्रम को नियंत्रित करने में कामयाब रहे थे। भुवनेश्वर कुमार आक्रमण की अगुवाई करेंगे जबकि उनका साथ देने के लिए नवदीप सैनी या चेतन सकारिया को दीपक चाहर की जगह उतारा जा सकता है। चाहर हालांकि साबित कर चुके हैं कि वह उपयोगी बल्लेबाज भी हैं तो टी20 में उनकी भूमिका अहम होगी। ऐसे में उन्हें आराम दिया जा सकता है।

**गौतम और राहुल चाहर को मिलेगा मौका?:** स्पिनर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल ने पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया। ऑफ स्पिनर कृष्णप्पा गौतम और प्रतिभाशाली राहुल चाहर के प्रतीक्षारत रहते अब यहां भी चयन की दुविधा है। श्रीलंकाई टीम दूसरे मैच में जीत के करीब पहुंच गई थी जिससे उसका आत्मविश्वास काफी बढ़ा होगा। सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो को हालांकि दूसरे छोर से मदद की जरूरत है।

# लंका फतह के बाद कोच राहुल द्रविड़ के साथ डिनर पर गए कप्तान शिखर धवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शिखर धवन की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है। भारत ने दूसरे वनडे में मेजबान टीम को 3 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2–1 की बढ़त ले ली है।

धवन पहली बार इंटरनैशनल टूर पर कप्तानी कर रहे हैं। टीम साथियों के बीच गब्बर के नाम से फेमस धवन ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर किया है जिसमें वह टीम के उप कप्तान भुवनेश्वर कुमार और हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ डिनर करते हुए नजर आ रहे हैं।

धवन ने फोटो का कैप्शन लिखा, अद्भुत कंपनी के साथ खूबसूरत




रात। इस फोटो में भुवी की पत्नी नूपुर भी डिनर टेबल पर बैठी हुई हैं। दूसरा वनडे जीतने में भुवी ने भी टीम इंडिया में अहम रोल अदा की। भुवनेश्वर ने दीपक चाहर के साथ एक छोर संभाले रखा और दोनों ने 8वें विकेट के लिए नाबाद 84 रन की साझेदारी कर टीम इंडिया को रोमांचक मुकाबले में शानदार जीत दिलाई। दीपक चाहर (क्ममचां बींत) ने नाबाद 69 रन बनाए जबकि भुवी ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। भारत ने 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। दूसरे वनडे में सूर्यकुमार यादव ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। सूर्यकुमार ने 44 गेंदों पर 53 रन बनाए। सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे शुक्रवार को कोलंबो में खेला जाएगा। तीसरा वनडे जीत टीम इंडिया मेजबान का क्लीनस्वीप करना चाहेगी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

## साइकिलिस्टों के लिए वरदान साबित हुआ ये फैसला, खुशी की लहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। तोक्यो ओलंपिक 2020 के आयोजकों ने बजट में कटौती के लिये साइकिलिंग प्रतियोगिताएं शहर से ढाई घंटे दूर इजु में कराने का फैसला लिया था तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कोरोना महामारी के बीच यह साइकिलिस्टों के लिये वरदान साबित होगा। आयोजकों ने पहले 10 करोड़ डॉलर की लागत से शहर के बीचोंबीच वेलोड्रोम बनाने का फैसला लिया था ताकि साइकिलिस्ट भी खेलों के इस महासमर का पूरा मजा ले सकें। दूसरे खेल देख सकें, खेलगांव में रह सकें। इसके बाद लागत में कटौती के लिये उन्होंने तोक्यो से दक्षिण पश्चिम ढाई घंटे की दूरी पर स्थित इजु में साइकिलिंग स्पर्धा कराने का फैसला किया जहां वेलोड्रोम पहले ही से है। यह सब कोरोना महामारी से पहले की बात है। पहले जहां साइकिलिस्ट इस फैसले से नाराज थे, वहीं उनके लिये अब यह वरदान बन गया है। विश्व रिकॉर्ड धारी अमेरिकी टीम की सदस्य जेनिफर वालेंटे ने कहा ,’कोरोना से पहले ही हमारा कार्यक्रम अलग होने वाला था क्योंकि हम तोक्यो से काफी दूर रहने वाले थे।

## न्यूज डायरी





### जापान और ऑस्ट्रेलिया मुकाबले से पहले बेसबॉल स्टेडियम में घुसा भालू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फुकुशिमा। तोक्यो ओलिंपिक में दर्शकों के प्रवेश की भले ही मनाही हो लेकिन जापान और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच सॉफ्टबॉल मैच से पहले फुकुशिमा अजुमा बेसबॉल स्टेडियम पर एक भालू देखा गया। फुकुशिमा तोक्यो में मुख्य ओलिंपिक आयोजन स्थलों से 150 किलोमीटर उत्तर में है। स्थानीय मीडिया के अनुसार वह एशियाई काला भालू था। शॉर्टस्टॉप अमांडा चिडेस्टर ने कहा , मैंने सुबह टेक्स्ट मैसेज देखा जिसमें पूछा गया था कि क्या यह सही है। वहां बड़ा काला भालू था। कहा जा रहा है कि वह मैदान में आ गया था। उन्होंने कहा , हमारी टीम की एक लड़की ने भी कहा कि समाचार में आ रहा है कि वहां भालू घुसा था। फिर मैंने अपने परिवार को सूचित किया कि उनकी खबर सही थी। वहां सच में भालू था। उसके बाद वहां भालू नहीं दिखा। अमेरिकी कोच केन एरिक्सन ने कहा , हम तो ढूंढ रहे थे कि फिर कोई भालू दिख जाए। तोक्यो ओलिंपिक का आयोजन 23 जुलाई से 8 अगस्त तक होगा।

### कोरोना को मात देकर टीम इंडिया से जुड़े ऋषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डरहम। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कोरोना संक्रमण से उबरकर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम के बायो बबल में शामिल हो गए हैं। कोरोना पॉजिटिव पाए गए पंत ने दस दिन का क्वारंटीन पूरा कर लिया है। पंत की दो आरटीपीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव आई हैं। बीसीसीआई ने पंत की तस्वीर के साथ गुरुवार को ट्वीट किया , श्हेलो ऋषभ पंत। आपको वापस लेकर अच्छा लगा। पंत अपने एक परिचित के घर पर रह रहे थे जब वह पॉजिटिव पाए गए थे। सूत्रों के अनुसार वह दांत के डॉक्टर को दिखाने के बाद डेल्टा 3 वैरिएंट से संक्रमति हुए थे। पहले ऐसी रिपोर्ट थी कि स्टेडियम में यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप मैच देखने के बाद उन्हें संक्रमण हुआ था। पंत के पॉजिटिव पाए जाने के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारतीय टीम को पत्र लिखकर विम्बलडन और यूरो मैचों में भीड़भाड़ से बचने का अनुरोध किया था।

### यह ऑलराउंडर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से हुआ बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के लिए लगातार बुरी खबर सामने आ रही है। सबसे पहले टीम के ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल चोटिल होकर टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे तो उसके बाद टीम के रिजर्व गेंदबाज आवेश खान के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया और कहा जा रहा है कि, वो अगले एक महीन तक गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे और वो भी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। अब इन दोनों खिलाड़ियों को बाद भारत को एक और बड़ा झटका लगा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम के युवा ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी अब पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी उंगली में चोट लगी है और इसकी वजह से ही वो टेस्ट सीरीज से बाहर हुए।

### श्रीलंका की टीम पर आइसीसी ने जुर्माना लगाया है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका की टीम को भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ श्रीलंका की टीम को सीरीज भी गंवानी पड़ी, लेकिन अब तीसरी मार श्रीलंकाई टीम पर पड़ी है, क्योंकि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी ने मेजबान श्रीलंकाई टीम पर जुर्माना लगाया है। आइसीसी ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में स्लो ओवर रेट के चलते श्रीलंकाई टीम पर जुर्माना लगाया है। कोलंबो के आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण श्रीलंका की टीम पर 20 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगा है।